आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

13.03.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत आने वाले समय में सेमीकंडक्टर विनिर्माण में एक वैश्विक केंद्र और उद्योग चार दशमलव शून्य में अग्रणी बनने के लिए तैयार है।
- सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू कीं।
- द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने आज डॉलीगंज के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का दौरा किया।
- समाज कल्याण विभाग की ओर से कल सुबह महिलाओं के लिए मरीना पार्क से विज्ञान केन्द्र तक मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत आने वाले समय में सेमीकंडक्टर विनिर्माण में एक वैश्विक केंद्र और उद्योग चार दशमलव शून्य में अग्रणी बनने के लिए तैयार है। वे आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सवा लाख करोड़ से अधिक की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योगों का लाभ युवाओं को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ जुड़ने के लिए सुदृढ़ हो रहे हैं और इस क्षेत्र में इस तरह के उद्योग स्थापित करने के बारे में पहले कभी किसी ने नहीं सोचा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दुनिया कोविड महामारी के बाद एक विश्वसनीय और लचीली वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला भागीदार की खोज में है, तब ऐसे समय में भारत ने सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में स्वयं को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने कहा कि चिप निर्माण भारत को आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की ओर ले जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि चिप निर्माण हमारे देश के युवाओं के लिए असीमित संभावनाओं के द्वार खोलेगा, जो देश की तीव्र प्रगति से आश्वस्त हो रहे हैं। देश में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी सरकार द्वारा किए जा रहे व्यापक प्रयासों के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने व्यापार करने में आसानी पर ध्यान केंद्रित किया है और चालीस हजार से अधिक पुराने अनुपालनों को समाप्त कर दिया है। यह देश का पहला वाणिज्यिक सेमीकंडक्टर फैब होगा।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू कीं। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि लोक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी वर्षों से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने नेटवर्क के माध्यम से दोनों लोक प्रसारकों ने देश के हर कोने में स्थानीय भाषा को प्रोत्साहन देकर सभी लोगों तक जानकारी पहुंचाई है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसार भारती अब समाचार संगठनों को विभिन्न भाषाओं में वीडियो, ऑडियो, फोटो और पठन सामग्री उपलब्ध्र कराने के लिए तैयार है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी कदम बताया। श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले आठ दशकों से आकाशवाणी सूचना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान इसकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। श्री ठाकुर ने कहा कि न्यूज़ ऑन ए आई आर ऐप सरकारी योजनाओं के बारे में समाचार और जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम है। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू

ने कहा कि समाचार पत्र और समाचार नेटवर्क हमेशा कई स्रोतों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रसार भारती शब्द, संशोधित वेबसाइट और ऐप, समाचार संगठनों और लोगों तक सूचना प्रसारित करने में लाभदायक होंगे।

<><><><><><><>

केंद्रीय खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कल राष्ट्रीय कार्यक्रम कीर्ति का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप कीर्ति योजना में देश के हर कोने से प्रतिभाओं को ढूंढ़ने के महत्व पर जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कीर्ति योजना का उद्देश्य जमीनी स्तर से खेल की प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें समर्थन देना है। उन्होंने कहा कि देश के हर ज़िले से प्रतिभाओं को ढूंढ़कर उन्हें खेल अकादमियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्री ठाकुर ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए दो नए राष्ट्रीय उत्कृष्टता खेल केंद्र खोलने की घोषणा की। इन केंद्रों में सिर्फ महिला खिलाडियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में पहले से ही तेईस राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र हैं। श्री ठाकुर ने बताया कि मंत्रालय के आग्रह पर प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियां देने के नियमों में संशोधन किया हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले ओलंपिक जैसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चैम्पियनशिप के विजेताओं को नौकरियां दी जाती थी।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने आज डॉलीगंज के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का दौरा कर विद्यार्थियों और कर्मियों से मुलाकात की। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से मतदान प्रकिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मतदान सूची में जिनके नाम दर्ज है वे ही मतदान कर सकते हैं, इसके लिए वे मतदाता सूची में अपने नामों की जांच करें। अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवार, जिन्होंने अपना नाम अब तक दर्ज नहीं कराया है, वे वोटर हेल्पलाइन ऐप, आयोग के पोर्टल या निशुल्क नम्बर एक नौ पांच शून्य पर जाकर चुनाव से संबंधित जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से चुनाव का पर्व देश का गर्व में भागीदार बनते हुए अपने परिवार और पड़ोसियों को मतदान केन्द्रों पर जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने को कहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भारतीय चुनाव आयोग के विभिन्न ऐप की भी जानकारी दी।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए निकोबार ज़िला उपायुक्त ज्योति कुमारी की देखरेख में निकोबार प्रशासन की ओर से प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यकम चलाया गया। प्रशासन के अवकाशप्राप्त अधिकारी सोम नायडू ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। क्षेत्र के सहायक आयुक्त पीयुष विजयकरण ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को चुनाव गतिविधियां जैसे मतदान प्रकिया, सुरक्षा व्यवस्था, ई वी एम और वी वी पैट की तैयारियों पर जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षणार्थियों को ई वी एम के उपयोग के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण कार्यकम में सेक्टर अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, सहायक मतदान पंजीकरण अधिकारी, प्रशिक्षक, एमसीसी टीम और चुनाव से जुड़े सरकारी कर्मियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में स्थापित सुविधा केन्द्र को मायाबंदर ज़िला कार्यालय, रंगत के सहायक आयुक्त कार्यालय और डिगलीपुर के सहायक आयुक्त कार्यालय के शिकायत कक्षों के साथ फोन के जरिए जोड़ा गया है। इस केन्द्र के माध्यम से ज़िले के नागरिक अब फोन पर ही अपनी बाते, प्रतिकिया और चुनाव से जुड़ी विभिन्न जानकारियां हासिल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से कल सुबह महिलाओं के लिए मरीना पार्क से विज्ञान केन्द्र तक मैराथन का आयोजन किया जाएगा। सुबह साढ़े पांच बजे यह दौड़ आरंभ होगी। प्रतिभागियों का कल सुबह पांच बजे मौके पर ही पंजीकरण किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत निकोबार ज़िले में सागर मित्र के चार पदों में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। अनुबंध के आधार पर होने वाली भर्ती के लिए उम्मीदवार का विज्ञान विषय में बारहवीं पास और मत्स्य विज्ञान या मरीन बायोलॉजी या प्राणी विज्ञान विषय में स्नातक होना अनिवार्य है। उम्मीदवार को सूचना प्रौद्योगिकी का ज्ञान होना चाहिए। उम्मीदवार कैम्पबेल बे, ननकौड़ी या कार निकोबार का निवासी होना चाहिए और उसकी आयु पैंतीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उसे स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए। चयनित उम्मीदवार को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन को मत्स्य सहायक निदेशक के कार्यालय या अंचल मत्स्य कार्यालय, कार निकोबार में सीधे या डाक के जरिए तीस मार्च तक जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>